उत्तर : पूर्णा व नन्दा तिथियों की क्रम से अन्त व आदिम दो–दो घटियों को तिथि गण्ड़ान्त कहते है। कर्क–सिंह, वृश्चिक–धनु, मीन–मेष राशियों के अन्त और आदिम की आधी–आधी घटी को लाग्नगण्ड़ान्त कहते हैं; रेवती–अश्विनी, अश्लेषा–मघा तथा मीन–मेष के नक्षत्रों में अन्त व आदिम की दो–दो घटियों को नक्षत्र गण्ड़ान्त कहते हैं।

प्रश्न –8 : नक्षत्र व दिनमान के अनुसार अभिजित् का मान बताइये ?

उत्तर : उत्तराषाढ़ा नक्षत्र की 15 घटी व श्रवण नक्षत्र की 04 घटी मिलकर अभिजित् संज्ञक होती है। तथा दिनमान क मध्यभाग में 48 मिनट का काल अभिजित् मुहूर्त कहलाता है।

प्रश्न –9 : सोमवार का करणीय कर्म बताइये ?

उत्तर : पेड़–पौधे? पुष्प व उपवन लगाना, बीजारोपण, स्त्रीविहार, गायन, यज्ञादिकार्य व नये वस्त्र धारण सोमवार को श्रेष्ठ रहता है।

प्रश्न –10 : चर करणों के नाम लिखिए ?

उत्तर : बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि – ये सात चर करण है।

2.7 लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न –1 : साठ सम्वत्सरों में नाम व उनके स्वामी बताइये ,

प्रश्न –2 : तिथि का परिचय दीजिये ?

प्रश्न –3 : नक्षत्र का परिचय दीजिये ?

प्रश्न –4 : योग का परिचय दीजिये ?

प्रश्न –5 : करण का परिचय दीजिये ?

2.8 सन्दर्भ ग्रन्थ –

1. **धर्मशास्त्र का इतिहास**

   लेखक – डॉ. पाण्डुरंग वामन काणे

   प्रकाशन :– उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2. **ज्योतिष सम्राट् पंचांग,**

   सम्पादक डॉ. रवि शर्मा

   प्रकाशन :– अ.भा. प्रा. ज्यो. शो. सं., जयपुर

3. **कालमाधव,**

   सम्पादक – ब्रजकिशोर स्वाई

   प्रकाशन – चौख बा संस्कृत संस्थान वाराणासी

4. **मुहूर्त्त चिन्तामणि,**

   व्याप्याकार – केदारदत्त जोशी

   प्रकाशन – मोतीलाल बनारसीदास वाराणसी

इकाई – 3

षोड़श संस्कारों का परिचय एवं यज्ञोपवीत का पूजन सहित धारण विधि

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 वर्ण्य विषय – सोलह संस्कार

3.4 शब्दावली

3.5 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

3.6 लघुत्तरात्मक प्रश्न

3.7 सन्दर्भ ग्रन्थ

3.1 प्रस्तावना

संस्कृति और संस्कार दोनों अनन्यार्थ शब्द है। संस्कार शब्द का अर्थ स्पष्ट करने के लिए जड़ वस्तु के संस्कार का उदाहरण दिया है, किन्तु हम तो यहाँ मनुष्य के संस्कार का विचार कर रहे है। स्नानादि द्वारा शरीर की शुद्धि के लिए शरीर–संस्कार शब्द से हमारा हेतु मनुष्य के मन, बुद्धि, भावना, सामाजिकता आदि को विकसित करने से है।

मानव जीवन विशुद्ध और उन्नत बनाने के उद्देश्य से संचालित षोड़श संस्कार व्यवस्था अनादिकाल से भारतीय संस्कृति का अभिन्न अङ्ग रही है। संस्कार–संज्ञक क्रिया–कलाप प्रत्येक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के लिए अनिवार्य कर्तव्य है, परन्तु कालान्तर में यह विशेषतया ब्राह्मणों के लिए ही करणीय माना जाने लगा है।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद्द्विज उच्यते अर्थात्मनुष्य जन्म से द्विज नहीं होता है, अपितु संस्कारों के पश्चात्ही उसकी द्विज संज्ञा होती है। अपने–अपने कर्म के अनुसार ही वर्णों का निर्धारण होता है।

षोड़श संस्कारों की संख्या के विषय में स्मृतिकारों के विभिन्न मत :–

महर्षि	मतानुसार संस्कार
आश्वलायन	११
पारस्कर	१२

महर्षि मनु	१३
वेदव्यास	१६
अङ्गिरा	२५
गौतम	४०

षोड़श संस्कार निम्नलिखित है :–

१. गर्भाधान	२. पुंसवन	३. सीमन्तोन्नयन	४. जातकर्म
५. नामकरण	६. निष्क्रमण	७. अन्नप्राशन	८. चूड़ाकरण
६. कर्णवेध	१०. उपनयन	११. वेदारम्भ	१२. केशान्त
१३. समावर्तन	१४. विवाह	१५. त्रेताग्नि संग्रह संस्कार	१६. अन्त्येष्टि।

3.2 उद्दे□य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात्जिज्ञासु विभिन्न विषयों का ज्ञान कर पायेंगे :–

१. जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त सभी संस्कारों का ज्ञान

२. संस्कारों का महत्त्व एवं जीवन में उनका व्यावहारिक ज्ञान

3.3 वर्ण्य विशय – सोलह संस्कार

आजकल बहुत से ऐसे दम्पति है जो सन्तान न होने के कारण दुःखी है लेकिन ऐसा नहीं है कि उनके सन्तान हो ही नहीं सकती। आयुर्वेद में ऐसे कई उपाय दिए गये है जिनके द्वारा गर्भाधान हो सकता है। यहाँ हम उन्हीं उपायों की विशद विवेचना करेंगे।

गर्भ क्या है? :– गर्भ शब्द से मन, चेतना, पञ्चमहाभूतों के विकारों का बोध होता है। गर्भाशय में स्थित पुरुष का शुक्र और स्त्री का शोणित जब एक दूसरे से युक्त हो जाते है और उनमें आत्मा का अधिष्ठान हो जाता है, तो वह अष्ट प्रकृति और षोड़श विकृतियों से युक्त सजीवपिण्ड ही गर्भ कहलाता है।

गर्भावक्रान्ति का अर्थ :– गर्भावक्रान्ति का अर्थ पुरुष और स्त्री बीजों का आपस में मिलकर गर्भोत्पत्ति की क्रिया करना है। अवक्रान्ति से अवक्रमण, अवतरण, उपगमन आदि का बोध होता है। शुक्र और आर्त्तव के सम्मिश्रण से गर्भ के उत्पन्न होने तक की विधि गर्भावक्रान्ति कहलाती है।

विवाह का गर्भाधान पारस्परिक निकटतम सम्बन्ध है इसलिए गर्भाधान हेतु दोनों (स्त्री–पुरुष) का वयस्क होना अत्यावश्यक है। इससे पहले यदि गर्भाधान होता है तो सन्तान अल्पजीवी, नष्ट या दुर्बल होती हैं। जब माता–पिता का शारीरिक–मानसिक दृष्टि से सम्पूर्ण विकास होगा तभी स्वस्थ्य सन्तान हो सकती है।

गर्भस्य आधानं गर्भाधानम् अर्थात्जिस कर्म के द्वारा गर्भ में बीज का स्थापन पुरुष द्वारा स्त्री में किया जाता है, उसे गर्भाधान कहा जाता है। इस संस्कार से वीर्य सम्बन्धि अथवा गर्भ सम्बन्धित पापों का नाश हो जाता है। सर्वप्रथम ऋतु स्नान के पश्चात्भार्या स्त्रीधर्म में होने से या रजोदर्शन से १६ दिन तक गर्भाधान के योग्य होती है।

रजोदर्शन से कन्या प्राप्ति हेतु निर्दिष्ट दिवस – ५, ७, ६, ११, १३, १५

रजोदर्शन से पुत्र प्राप्ति हेतु निर्दिष्ट दिवस – ६, ८, १०, १२, १४, १६

रजोदर्शन दिन के चार के पश्चात्गण्डान्त आदि व्यतिपात, वैधृति, श्राद्ध, दूषित नक्षत्र को त्यागकर उपरोक्त दिवसों में व्यक्ति को गणेश–मातृका–पुण्याहवाचनादि कर्म करके शुभरात्रि में रतिक्रिया करनी चाहिए। किन्तु आचरण के लिए कठोर विषय है।

मैथुन और सगर्भता :– मैथुन क्रिया में प्रवृत्त होने के पहले कुछ आवश्यक आहुतियाँ देकर एवं निम्नलिखित मन्त्रों को पढ़ते हुए ही मैथुन में प्रवृत्त होना चाहिए :–

आयुरसि सर्वतः प्रतिष्ठासि धात्वा दधातु विधातात्वा दधातु ब्रह्मवर्चसा भवेदिति।

ब्रह्मा बृहस्पतिर्विष्णुस्सोम सूर्यस्तथाऽश्विनौ भगोऽथ मित्रावरुणौ वीरं ददातु मे सुतम्

अहिरसि आयुरसि सर्वतः प्रतिष्ठासि धातात्वा।

दधातु विधातात्वा दधातु ब्रह्मवर्चसा भवेदिति

ब्रह्माबृहस्पतिर्विष्णुः सोमः सूर्यस्तथाऽश्विनौ।

भगोऽथ मित्रा वरुणौ पुत्रं वीरं ददातु मे

इसके बाद जब शुक्रक्षरण होने लगे तो निम्न लिखित मन्त्रों को पढ़ते रहना चाहिए :–

पूषाभगसविता मे दधातु रुद्रः कल्पयति ललामगुं विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा।

रुपाणिपिुशतु असिञ्चितु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु में।

गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि पृथुष्टुके।

गर्भं ते अश्विनौ देवा वाधत्तां पुष्करस्रजौवितिस सृजेथास्ते जो वैश्वानरो।।

दद्याद् ब्राह्मणमामन्त्रयते ब्रह्मगर्भं दधात्विति।

प्राङ्मुख उदङ्मुखो बोपविष्टो मन्थेद्रतो मूत्रेमिति चौके स्रावणं कुर्यात्

इन उपरोक्त मन्त्रों से ज्ञात होता है कि मैथुन सगर्भता हेतु निमित्त मात्र माना गया है, उसे सफल और मनोऽनुकूल बनाने के लिए धाता, विधाता की ही नहीं अपितु ब्रह्मादि विभिन्न शक्तियों की भी आराधना की गयी है, जिससे जीवात्मा की प्रतिच्छाया अपनी शाश्वत सत्ता को स्थूल :प में अधगुष्ठित करते हुए गर्भ की सार्थकता सिद्घ कर सकेंगे। हमारे प्राचीन मुनियों ने भी मैथुन की इस भौतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए अनुकूल ऋतु, मास, पक्ष, तिथि, दिन, नक्षत्र, योग, करण, मुहूर्त एवं आसनादि की भी व्यवस्था कर दी है।

पुंसवन

गर्भ में स्थित बालक तीन मास का हो जाता है और गर्भिणी के शरीर में गर्भ के विविध :प प्रकट होने लगते है, तब पुंसवन संस्कार (गर्भस्थ सन्तान को पुरुष का :प देने हेतु यह संस्कार किया जाता है।) इसमें किया जाता है। पुम्नामक नरक से मुक्ति पाने हेतु पुत्र की कामना की जाती है।

पितृऋण से मुक्ति हेतु पुत्रप्राप्ति आवश्यक है, जिसके लिए पुंसवन कार्य किया जाता है।

पुंसवन हेतु शुभ नक्षत्र :– रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, पुनर्वसु, हस्त, मूल व मघा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद, उत्तराषाढ़ा, श्रवण।

पुंसवन हेतु शुभ तिथियाँ :– कृष्णपक्ष की प्रतिपदा, शुक्लपक्ष की द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी।

पुंसवन हेतु शुभ वार :– रविवार, मङ्गलवार तथा गुरुवार।

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्वटवृक्ष के नवीन अंकुर या पल्लव तथा गिलोय को पीसकर कपड़े से छानकर गर्भिणी स्त्री के दाहिनी नासिका से यह आसव पिलाया जाता है। मन्त्र :–

ऊँ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

सदाधार पृथिवी द्यामुते मा कस्मै देवाय हविषा विधेम्।।

एकान्त में जाकर पत्नी के पेट पर हाथ रखकर अर्थात्गर्भस्थ शिशु को सहलाते हुए निम्नलिखित मन्त्र पढ़े :

ऊँ सुपर्ण्णोसि गरुत्क्माँस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्त्रंञ्चक्षुर्बृहद्रथन्तरे पक्षौ।

स्तोमऽ आत्माच्छन्दा स्यङ्ग्[ानि जू षिनाम ।

साम ते तनूर्व्वामदेव्यँञ्ज्ञा यज्ञियं पुच्छन्धिष्ण्या शफा।

सुपर्ण्णोसि गरुत्क्मान्दिवङ्ग्च्छस्व् पत्।।

सीमन्तोन्नयन :–

जब तक सन्तान माता के पेट में रही रहती है, तब तक उसका शारीरिक–मानसिक विकास पूर्णतः माता पर ही निर्भर है इसलिए शारीरिक व मानसिक विकास की पुष्टि हेतु सीमन्तोन्नयन संस्कार करना चाहिए।

सीमन्तोन्नयन हेतु शुभ :–

नक्षत्र	मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, मूल, श्रवण
तिथि	शुक्लपक्ष – २, ३, ५, ७, १०, ११, १३
वार	रविवार, मङ्गलवार, गुरुवार
लग्न	१, ३, ५, ७, ६, ११
मास	गर्भधारण से ६, ८ मास

सीमन्तोन्नयन का अर्थ है सिर (मस्तिष्क) का उन्नयन अर्थात् मस्तिष्क का विकास। पुंसवन संस्कार गर्भस्थ शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास का संस्कार है। यह विवाह के पश्चात्प्रथमगर्भ के अवसर पर ही करणीय संस्कार है। इसमें गर्भिणि स्त्री के केशों (सीमन्त) को सँवारा जाता है। यह विधि मत–मताक्षरों में मान्य है।

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात् पति स्वभार्या के केशों को गूलर के कच्चे फलों का गुच्छा, कुशा, साही के काँटे लेकर अथवा आधुनिक काल की कँघी से सँवारता है। निम्न मन्त्र पढ़े :–

अयभूर्ज्ज स्वतो वृक्ष उज्ज्वेव फलिनी भव।।

अथवा

ऊँ वीरसूस्त्वं भव, ऊँ जीवसूस्त्वं भव, ऊँ जीवपत्नी त्वं भव।

जातकर्म संस्कार :–

जातक के जन्म के पश्चात् पिता अपने पुत्र के मुख का दर्शन करने के पश्चात् नान्दी श्राद्धावसान जातकर्म विधि को सम्पन्न करे :–

जातं कुमारस्य स्वं दृष्ट्वा स्नात्वाऽनीय गुरुम् पिता।

नान्दी श्राद्धावसाने तु जातकर्म समाचरेत्।।

आधुनिकर्ता में जातक के जन्म के पश्चात्डॉक्टर, नर्स इत्यादि बालक के शरीरक से जरायु पृथक्करके मुख, नाक, कान, आँख इत्यादि को शुद्ध वस्त्र अथवा रुई से शुद्ध (साफ) करके बालक को पिता की गोद में देवे। पिता नाड़ीछेदन संस्कार करने के बाद ऊष्ण जल से बालक को स्नान करवाकर प्रसूति–गृह से बाहर आकर विधिपूर्वक गणपत्यादि देवों का स्मरण करे।

बालक की जिह्वा पर स्वर्णशलाका अथवा दक्षिण हाथ की अनामिका अंगुली से शहदमिश्रित घृत से ऊँ का अङ्कन करे। बालक को सात अथवा चार बार शहद व घी चटायें, जिसमें दो बूँद घी हो तो पाँच बूँद शहद चटायें। शहद के अभाव में गुड़ का भी प्रयोग किया जा सकता है। मन्त्र :–

ऊँ भुस्त्वयि दधामि। **ऊँ भुवस्त्वयि दधामि।**

ऊँ स्वस्त्वयि दधामि। **ऊँ भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि।**

अथवा

ऊँ सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्। सनिं मेधामयासिषँ स्वाहा।।

बालक के कान में दीर्घायु/आशीर्वाद मन्त्र का उच्चारण करे :–

ऊँ मेधा ते देवः सविता मेधां देवी सरस्वती।

मेधां ते अश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ।।

नामकरण :–

जीवन का सम्पूर्ण आधार नाम ही है, इसके बिना मनुष्य की पहचान तो असम्भव ही हो जाती है। व्यक्ति–संज्ञा का महत्व जीवन में सर्वोपरि है। यथा –

नामाखिलस्य व्यवहारहेतुः शुभावहं कर्मसु भाग्येहेतुः।

नाम्रैव कीर्तिं लभेत्मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नामकर्म।।

प्रायः बालकों का नाम सम अक्षरों में रखना चाहिए तथा बालिकाओं का नाम विषम अक्षरों रखना चाहिए। बालकों के नाम प्रायः पुल्लिग ही होने चाहिए तथा बालिकाओं का नाम स्त्रीलिङ्ग अक्षरों में ही होना चाहिए। दैत्यों (रावण, महिषासुर, चण्ड़–मुण्ड़, शूर्पणखा, सुरसा, खर–दूषण) के नाम पर जातक का नाम नही होना चाहिए।

संक्रान्तिकाल, ग्रहणकाल व श्राद्धकाल में नामकरण नहीं करना चाहिए। गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्कांस्य के पात्र में चावल फैलाकर पाँच पीपल के पत्तों पर पाँच नामों का उल्लेख करते हुए उनका पञ्चोपचार पूजन करे। पुनः माता की गोद में पूर्वाभिमुख बालक के दक्षिण कर्ण में घर के बड़े पुरुष द्वारा पूजित नामों में से निर्धारण करते हुए नाम चुनना चाहिए।

२७ नक्षत्र एवं उनके स्वामी :–

नक्षत्र	स्वामी	जन्माक्षर
अश्विनी	अश्विनी कुमार	चू, चे, चो, ला

भरणी	यम	ली, लू, ले, लो
कृतिका	अग्नि	अ, इ, उ, ए
रोहिणी	प्रजापति	ओ, वा, वि, वु
मृगशिरा	सोम	वे, वो, का, कि
आर्द्रा	रुद्र	कू, घ, ङ, छ
पुनर्वसु	अदिति	के, को, हा, ही
पुष्य	बृहस्पति	हू, हे, हो, डा
अशश्लेषा	सर्प	डी, डू, डे, डो
मघा	पितृ	म, मी, मू, मे
पूर्वाफाल्गुनी	भग	मो, टा, टी, टू
उत्तराफाल्गुनी	अर्यमन्	टे, टो, पा, पी
हस्त	सवितृ	पू, ष, ण, ठ
चित्रा	त्वष्ट्रा	पे, पो, र, री
स्वाती	वायु	रु, रे, रो, ता
विशाखा	इन्द्राग्नि	ती, तू, ते, तो
अनुराधा	मित्र	न, नी, नू, ने
ज्येष्ठा	इन्द्र	नो, या, यी, यू
मूल	नैर्ऋति	ये, यो, भ, भी
पूर्वाषाढ़ा	आपः	भू, धा, फा, ढ़ा
उत्तराषाढ़ा	विश्वेदेव	भे, भो, ज, जी
श्रवण	विष्णु	खी, खू, खे, खो
धनिष्ठा	वसु	गा, गी, गू, गे

शतभिषा	वरुण	गो, सा, सी, सू
पूर्वाभाद्रपद	अजेकपाद्	से, सो, दा, दी
उत्तराभाद्रपद	अहिर्बुध्न्य	दू, थ, झ, ञ
रेवती	पूषन्	दे, दो, चा, ची

उपरोक्त नक्षत्रों में जन्म होने पर भी चरण के अनुसार बालक का उसी अक्षर पर नामकरण करें।

जन्मराशि व प्रचलित नाम की राशि का महत्व तथा संयुक्त–अक्षर में राशि–निर्णय :–

जन्मराशि तथा प्रसिद्ध नाम की राशि के शुभाशुभ फल मे अन्तर रहता है। सभी कार्यों में जन्मराशि की प्रधानता नहीं रहती है तो सभी कार्यों में प्रसिद्धनाम की राशि की भी प्रधानता नहीं होती है।

विवाहे सर्वमाङ्गल्ये यात्रादौग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्।।

विवाह–कार्य, सभी माङ्गलिक कार्य, मुहूर्त, दिन–मान, ग्रहगोचर गणना, दिनदशा हेतु जन्मराशि से ही विचार करना चाहिए। प्रचलित नामराशि हेतु भी शास्त्रीय वचन मिलता है –

देशग्रामेगृहेयुद्धेसेवायां व्यवहारके। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत्।।

अथवा

देशग्रामगृहज्वरव्यवहृतिषु दाने मनौ। सेवाकाकिणिवर्गसङ्गरपुनर्भूमेलके नामभ।।

अथवा

काकिण्यां वर्गशुद्धौ च वादे द्युते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता।।

अर्थात् देश, ग्राम, गृह, ज्वर, व्यवहार, धूत, दानकार्य, मन्त्रप्रयोग, सेवाकर्म में, काकिणी विचार, वर्गशुद्धि, संग्राम तथा पुनर्विवाह के मेलापक में नाम राशि में नाम राशि से ही विचार करना चाहिए।

नामाखिलस्य व्यवहार हेतुः शुभावहं कर्म सुभाग्यं हेतुः।

नाम्नैव कीर्ति लभते मनुष्य ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म।।

जातक के नामकरण की महिमा सर्वविदित विषय है, नामकरण–संस्कार भी जन्म से ११वें या १२वें दिन किया जाता है। नामकरण की गरिमा हेतु शास्त्रों में लिखा है –

यन्नामाद्याक्षरं यस्य नक्षत्रस्य परे भवेत्।

तथैव तस्य नक्षत्रं विज्ञेयं गणकोत्तमैः।।

किसी भी नाम के व्यक्ति का प्रथम अक्षर नक्षत्र के जिस चरण में हो, वही उसका नक्षत्र होता है तथा यह नक्षत्र जिस राशि के अन्तर्गत होता है, वह उसकी राशि होनी चाहिए।

यदि नामिन्भवेद्वर्णः संयुक्ताक्षर लक्षणः।

ग्राह्यस्तदादिमो वर्ण इत्युक्तं ब्रह्मयामले।।

यदि नाम के प्रारम्भ में संयुक्त अक्षर हो तो उस नाम के प्रारम्भ के प्रथम वर्ण का ही अक्षर ग्रहण करना चाहिए।

अ आ, इ ई, उ ऊ, ए ऐ, ओ औ, द्वो थिः सामौ।

ब वौ, श सौ, तथैवात्र, ज्ञेयो देवविदा सदा।।

पाणिनीय व्याकरण भाषासूत्र के अनुसार ज्ञानप्रकाश नाम के प्रारम्भ का ज्ञ (ज्+ञ = ज्ञ) शब्द से बना है। अतः ज्ञानप्रकाश का नक्षत्र उत्तराषाढ़ा का तीसरा चरण हुआ। क्ष (क्+ष्= क्ष) होने से क्षेम को मृगशिरा के तीसरे चरण में रखेंगे। श्त्रय (त्+र्= त्र) होने से त्रिलोक को विशाखा के प्रथम चरण में रखेंगे। द्वारिका में द प्रथम अक्षर होने से इसे पूर्वाभाद्रपद के तीसरे चरण में रखेंगे।

व्यवह्रितमध्य अक्षर को छोड़कर स्वर सहित अक्षर प्रथमाक्षर से ही नक्षत्र मान्य होता है। जैसे द्रुपद की राशि मीन व उत्तराभाद्रपद का प्रथम चरण ही मान्य होगा।

अनुक्तत्वाद्वकारस्य रेफो ग्राह्यो विचक्षणैः।

ऋद्धिनाथस्य नक्षत्रं यथा चित्रारव्यमेव हि।।

अवकहडा शतपदचक्र अधिन्यास नियामक व्याकरण शास्त्र के अनुसार अकार व आकार, इकार व ईकार, उकार व ऊकार, एकार व ऐकार तथा ओकार व औकार परस्पर समान माने गये है। इसी प्रकार से ब, व श, स को समान माना गया है, परन्तु ष की इससे भिन्न नक्षत्र में गणना की गयी है। जैसे श्रीचन्द व श्रवण कुमार के प्रारम्भ में संयुक्तवर्ण श्श्रय के प्रथमवर्ण श कार होने से तथा श व स में भेद नहीं होने से वह शतभिषा का द्वितीय चरण होगा।

शतपदचक्र में ऋकार को ग्रहण नहीं करने से ऋकार के स्थान में रेफ (र) ग्रहण करना चाहिए। जैसे किसी का नाम ऋषि है तो उसे चित्रा नक्षत्र के तृतीय चरण (तुला राशि) में रखेंगे।

यदि किसी का जन्म आर्द्रा के तृतीय चरण (ङ), हस्त का तृतीय चरण (ण) तथा उत्तराभाद्रपद का चतुर्थ चरण (ञ) पर हो तो उनका नाम क्रमशः घ, ठ, झ पर रखा जा सकता है।

निष्क्रमण :–

प्रथम बार शिशु को घर से बाहर अथवा आँगन में सूर्य की धूप का सेवन करना निष्क्रमण कहलाता है :–

ततस्तृतीये कर्तव्यं मासि सूर्यस्य दर्शनम्।

चतुर्थे मासि कर्तव्य शिशोश्चन्द्रस्य दर्शनम् ।।

तिथि कृष्णपक्ष की प्रतिपदा, शुक्लपक्ष की द्वितीया–तृतीया–पञ्चमी–सप्तमी–दशमी–एकादशी–त्रयोदशी पूर्णिमा

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार

नक्षत्र अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा

लग्न २, ३, ४, ५, ६, ७, ६, १०, ११

मास जन्म से तृतीय या चतुर्थ मास। मतान्तर से १२वाँ दिन

पारस्कर गृह्यसूत्र ने जन्म चतुर्थ मास (चतुर्थे मासि निष्क्रमणिका) भी निष्क्रमण हेतु शास्त्रसम्मत बताया है। इसी संस्कार के बाद बालक को निरन्तर बाहर लाया जाता है। बालक को माता गोद में लेकर आये और गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्कुलदेवता के समक्ष देवार्चन करे।

निष्क्रमण यदि तृतीय मास में हो तो सूर्यदेव के दर्शन करवायें तथा चतुर्थ मास में यदि निष्क्रमण संस्कार करना हो तो चन्द्रमा के दर्शन करवाने चाहिए।

पिता अपने पुत्र को उत्तरदिशा में बालक का सिर तथा दक्षिण दिशा में पैर करके अपनी भार्या की गोद में देवे तथा निम्न मन्त्र का उच्चारण करे :–

ऊँ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ठं० शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीना स्याम शरदः शतम्भूयश्च शरदः शतात्।।

रात्रि में चन्द्रमा प्रकाशवान्हो तो बालक को उसी प्रकार बालक का सिर तथा दक्षिण दिशा में पैर करके अपनी भार्या की गोद में देवे तथा निम्न मन्त्र का उच्चारण करे :–

ऊँ इमन्देवा ऽ असपत्न सुवध्वम्महते क्षत्रायमहते ज्ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय।

इमममुख्य पुत्रममुख्यै पुत्रमस्यै विशऽएषवोमीराजासोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ठं० राजा।।

आशीर्वादमन्त्र :–

ऊँ अप्रमत्तं प्रमत्तं वा दिवारात्रावथापि वा।

रक्षन्तु सततं सर्वे देवाः शक्र पुरोगमाः।।

गीत, मङ्गलाचरण करते हुए बालक के मामा द्वारा भी आशीर्वाद दिलायें।

अन्नप्राशन :–

वेदों और उपनिषदों में भी अन्नप्राशन हेतु निर्देश किया गया है। माता के दूध से पोषित होने वाले बालक को प्रथम बार अन्नप्राशन कराने का प्रचलन प्रायः सभी स्थानों पर बहुत ही धूम–धाम से आयोजित किया जाता है।

जन्मतो मासि षष्ठे स्यात्सौरेणोत्तममन्नदम्।

तदभावेऽष्टमे मासे नवमे दशमेऽपि वा।

द्वादशे वापि कुर्वीत प्रथमान्नाशनं परम्।

सम्वत्सरे वा सम्पूर्णे केचिदिच्छन्ति पण्डिताः।। – नारद

षण्मासञ्चौनमन्नं प्राशयेल्लघु हितञ्च।। – सुश्रुत

अन्नप्राशन हेतु शुभकाल :–

तिथि शुक्लपक्ष की द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, त्रयोदशी, पूर्णिमा

वार सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार

नक्षत्र अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, उत्तरात्रय, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती

लग्न २, ३, ४, ५, ६, ६, १०, ११

मास जन्म से षष्ठ, सप्तम, अष्टम, नवम, दशम व द्वादश

पुत्र के लिए – षष्ठ, अष्टम, **कन्या के लिए** – पञ्चम, सप्तम

विधि–विधान से अन्नप्राशन वाले दिन सर्वप्रथम यज्ञीय भोजन के पदार्थ गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्मन्त्रों के उच्चारण के साथ पक्वान्न बनायें। मधु–घृत–पायस से बालक को प्रथम कौल (ग्रास) पिता अथवा घर के बुजुर्गों द्वारा दिया जाये। मन्त्र :–

ऊँ अन्पतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः।

पप्रदातारं तारिषऽऊर्ज्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे।।

चूड़ाकरण (चौलकर्म अथवा मुण्डनसंस्कार अथवा वपनक्रिया) :–

यह संस्कार जातक के तृतीय, पञ्चम अथवा सप्तम वर्ष में किया जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार प्रत्येक जातक के लिए दीर्घायु, सौन्दर्य तथा कल्याण की प्राप्ति, तेजवृद्धि हेतु यह संस्कार किया जाता है, इसे न करने पर आयु क्षीण होती है। यथा –

तेन ते आयुषे वपामि सुशखोकार्य स्वस्तये।। – आश्वलायन गृह्यसूत्र

आयुर्वेद के अनुसार भी चूड़ाकरण के प्रयोजन का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है। सुश्रुत के अनुसार – *केश, नख, लोम अथवा केशों के अपमार्जन छेदन से हर्ष, लाघव, सौभाग्य और उत्साह की वृद्धि तथा पाप* का उपशमन होता है। यथा –

पापोशमनं केशनखरोमापमार्जनम्।

हर्षलाघवं सौभाग्यकरमुत्साहवर्धन।। – चिकित्सास्थान

शिशु की माता के रजस्वला होने पर उसके शुद्ध होने तक यह संस्कार स्थगित कर दिया जाता है क्योंकि इस अवधि में यह संस्कार होने पर अनेक दुष्परिणाम (वैधव्य, मूर्खता, मृत्यु) की आशंका होती है।

इस पर मध्यभाग में जहाँ बालों का भँवर होता है, वहाँ शरीर की सम्पूर्ण नाडियों का मेल होता है। इस स्थान को श्ब्रह्मरन्ध्र अथवा मर्मस्थलत्र्च कहते है। इसी मर्मस्थान की सुरक्षा के लिए चोटी रखने का विधान है।

चूड़ाकरण में शिखावपन का निषेध है क्योंकि शिखा वाले स्थान पर ही ब्रह्मरन्ध्र होता है। केशों द्वारा ब्रह्मरन्ध्र से होकर सूर्य रश्मि शरीर में प्रवेश करते है और उसी मार्ग से शरीर में स्थित प्राण सूर्य की ओर जाते है इसीलिए उपासना आदि कर्मों के समय शिखाबन्धन का नियम है, जिससे अन्तःकरण का प्रकाश अथवा तेज धूप सूर्य के आकर्षण से बाहर न निकल सके।

नि वर्तयाभ्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय।।
– यजुर्वेद

अर्थात ̖हे बालक! मैं तेरी दीर्घायु के लिए तथा तुझे अन्न के ग्रहण करने में समर्थ बनाने के लिए उत्पादन शक्ति प्राप्त करने के लिए, ऐश्वर्य वृद्धि के लिए तेरा चूड़ाकरण संस्कार करता हूँ।

उपर्युक्त मन्त्र उच्चारित करते हुए शुभमुहूर्त्त में कुशल नाई से बालक का मुण्डन करवाकर, सिर में दही–मक्खन हल्दी आदि अथवा हल्दी लगाकर बालक को स्नान करवाकर माङ्गलिक क्रियाएँ करनी चाहिए।

कर्णवेध :–

यह संस्कार बालक के छठे मास से लेकर १६वें मास तक या तृतीय अथवा पञ्चम आदि विषम वर्ष में किया जाता है। आभूषण धारण करने हेतु विभिन्न अङ्गों के छेदन की प्रथा सम्पूर्ण संसार की जातियों में प्रचलित है।

आयुर्वेद के अनुसार कानों में छेद करने से एक ऐसी नस विद्ध हो जाती है, जिससे अन्त्र वृद्धि या हार्निया रोग नहीं होता है। कर्णेन्द्रिय का वीर्यवाहिनी नाडियों से सम्बन्ध होने के कारण पुंसत्व नष्ट करने वाले रोगों से भी रक्षा होती है।

सुश्रुत संहिता में षष्ठ अथवा सप्तम मास में शुक्लपक्ष में शुभदिन में तथा बृहस्पति के अनुसार जन्म से १०, १२ अथवा १६वें दिन वैद्य द्वारा माता की गोद में मधुर वस्क खाते हुए बालक का अत्यन्त निपुणता से कर्णवेध करना चाहिए।

आभूषण धारण और वैज्ञानिक :प से कर्ण छेदन का महत्व होने के कारण इस प्रक्रिया को संस्कार :प में स्वीकार किया गया। सुश्रुत के अनुसार कर्णछेदन करने से अण्डकोष वृद्धि, अन्त्रवृद्धि आदि का निरोध होता है। अतः जीवन के प्रारम्भ में ही इस क्रिया को वैद्य द्वारा सम्पादित किया जाता है। यथा –

शङ्खो परि च कर्णान्ते त्यक्त्वा यत्नेन सेवनीयम्।

व्यत्यासाद्वा शिरां विध्येद् अन्त्रवृद्धि निवृत्तये।। – सुश्रुत

ऐसी मान्यता है सूर्य की किरणें कानों के छिद्र से प्रवेश करके बालक–बालिका को पवित्र करती है तथा उन्हें तेजवान् बनाती है। स्वर्णशलाका से कर्णछिद्र बनाये जाते है। बालक को पहले दायें कान में तत्पश्चात्बायें कान में सूई से छेद किया जाता है। बालिका को बायें कान में, इसके बाद दायें कान में तत्पश्चात्बायीं नासिक में छेद किया जाता है। कर्णवेध के तीसरे दिन ऊष्णजल से कानों को धोना चाहिए और स्नान कराना चाहिए।

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्क्रमशः दक्षिण–वाम कर्णों की वेध की प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है।

उपनयन :–

वर्तमान युग में उपनयन संस्कार प्रतीकात्मक :पधारण करता जा रहा है। विरल परिवारों में यथाकाल विधि–व्यवस्था के अनु:प उपनयन संस्कार होते है। एक ही दिन अल्पावधि में चूड़ाकरण, कर्णवेध, उपनयन, वेदारम्भ और केशान्त कर्म के साथ समावर्तन संस्कार सहित सभी महत्वपूर्ण संस्कार एकसाथ कर दिये जाते है।

गृह्यसूत्रों के अनुसार विभिन्न वर्णों के लिए आयु की सीमा का निर्धारण किया गया है। यथा –

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे।

राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे।।

– मनुस्मृति

यदि किसी वटु की गुरुशुद्धि नहीं हो तो क्या करे ? – ज्योतिषचन्द्रिका के अनुसार गोचराष्टक वर्गों से यदि किसी वटु की गुरुशुद्धि नहीं बनती हो तो सूर्य के मीन राशि में आने पर चौत्र में उपनयन संस्कार करना चाहिए।

यथा :– **गोचराष्टकवर्गाभ्यां यदि शुद्धिर्न जायते।**

तस्योपनयनं कुर्वीत चौत्रे मीनगते रवौ।।

क्या आठवें वर्ष में भी गुरुशुद्धि देखनी चाहिए ? – पौलस्त्यजी के मतानुसार आठवें वर्ष में गुरुशुद्धि नहीं हो तो उपनयन नहीं करना चाहिए।

यथा : – यदा गर्भाष्टमे वर्षे शुद्धिर्नास्ति बृहस्पतेः।

अष्टमे वा तथाऽप्येवं व्रतं तत्र न कारयेत।।

उपनयन संस्कार किस समय करे ? – सामान्यतया मन्वादि ऋषियों ने वटु के उपनयन का समय ब्राह्मणों के लिए गर्भ से आठवाँ वर्ष, क्षत्रियों के लिए ग्यारवाँ वर्ष तथा वैश्यों के लिए बारहवाँ वर्ष निर्धारित किया है।

यथा :– गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम्।

गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः।।

द्विज :– श्द्वाभ्यां जन्मसंस्काराभ्यां जायते इति द्विजः।

मलमूत्र त्याग करते समय यज्ञोपवीत को दाहिने कान में क्यों लपेटते हैं ? – १. गृह्यसूत्रकारों ने उपवीत को शौच, लघुशंका के समय दाहिने कान में लपेटने का विधान बताया है।

यथा :– दिवासन्ध्यासु कर्णस्थबह्मसूत्र उदङ्मुखः।

कुर्यान्मूत्रपुरीषे तु रात्रौ च दक्षिणामुखः।।

अन्य :– निवीती दक्षिणकर्णे यज्ञोपवीतं कृत्वा.....पुरीषे विसृजेत।।

(वैखानसधर्मप्रश्न, २–६–१, शौचविधि)

अन्य :– यज्ञोपवीतं शिरसि दक्षिणकर्णे वा कृत्वा। (बौधायनगृह्यसूत्र)

अन्य :– ....कर्णस्थब्रह्मसूत्र उदङ्मुखः। कुर्यान्मूत्रपुरीषे च...।।

अन्य :– कर्णस्थब्रह्मसूत्रो मूत्रपरीषं विसृजति।। (आग्निवेश्य गृह्यसूत्र)

और भी कई अन्य कारण है जैसे सिर मानव शरीर में ज्ञान का केन्द्र होता है तथा दाहिने कान में रुद्र, आदित्य, वसु आदि देवताओं का वास बताया गया है, अतः इस क्षेत्र को अपवित्रता से मुक्त रखने हेतु यज्ञोपवीत को कान पर रखने का विधान किया गया है।

यथा :– आदित्या वसवो रुद्रा वायुरग्निश्च धर्मराट्।

विप्रस्य दक्षिणेकर्णे नित्यं तिष्ठन्ति देवताः।।

अन्य :– मरुत्सोम इन्द्राग्नी मित्रावरुणौ तथैव च।

एते सर्वे च विप्रस्य नित्यं तिष्ठन्ति दक्षिणे।। (गोभिल)

यज्ञोपवीत का हमारे स्वास्थ्य से भी गहरा सम्बन्ध है। यह हमें शुचिता–पवित्रता का पाठ पढ़ाता है। यह मलमूत्र त्याग के पूर्व दाहिने कान को बाँधकर आँतों की अपकर्षण शक्ति को बढ़ाता है, जिससे कब्ज दूर होता है। मूत्राशय की मांसपेशियों का संकोचन वेग से होने लगता है। इसके परीक्षण विदेशों में होते रहे है और यज्ञोपवीत को कान में लपेटने से वीर्यक्षरण और रक्तचाप में नियन्त्रण से होने वाले लाभ को वहाँ स्वीकार किया गया है। योगशास्त्र में स्मरणशक्ति तथा नेत्रज्योति बढ़ाने के लिए श्कर्णपीडासन्त्र योग का महत्व बताया गया है। इटली के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रोफेसर ऐनारीका पिरांजली ने यह सिद्ध किया है कि कान में जनेऊ लपेटने से रक्तचाप नियन्त्रित रहता है और हृदय मजबूत होता है।

उपनयन विधि :–

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन सहित ग्रहशान्त्यादि कर्म के पश्चात्प्रातः काल शुद्ध वस्त्र धारण करके मण्ड़प पर प्रवेश करके प्रायश्चित सङ्कल्प करे :–

तद्यथा देशकालौ सङ्कीत्र्य – श्ममम सकलपाप क्षयपूर्वकमस्यकुमारस्य उपनयनकर्मणि स्वस्योनेतृत्वाधिकारसिद्धिद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं कृच्छ्रत्रयात्मक प्रायश्चित्तं तत्प्रत्याम्नाय गोनिष्क्रयीभूत यथाशक्तिरजतममुकगोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृज्येच्च। इति सङ्कल्प्य रजत द्रव्योदकसहितं ब्राह्मणाय दद्यात्।

ऊँ स्वस्तीति प्रतिवचनम्।

प्रायश्चित सङ्कल्प के पश्चात्बटुक सहित तीन अथवा आठ ब्राह्मणों को चावल, घी, बूरा अथवा मिष्ठान्नादि खिलावे। कर्मकर्ता अथवा आचार्य बटुक को अपने दक्षिणहस्त पर बिठावे।

आचार्य अथवा कर्मकर्ता बटुक का दायाँ हाथ साङ्गुष्ठ पकड़कर बोले :– ऊँ ब्रह्मचर्यमागामिति।

बटुक बोले :– ऊँ ब्रह्मचर्यमागाम्।

आचार्य बोले :– ऊँ ब्रह्मचर्यसानि।

बटुक बोले :– ऊँ ब्रह्मचार्यसानि।

बटुक कौपीन वस्त्र धारण करे :–

ऊँ येनेन्द्राय बृहस्पतिर्वासः पर्यदधादमृतम्।

तेन त्वा परि दधाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चसे।।

इसके पश्चात्दो बार आचमन करे।

बटुक मेखला धारण करे :– **ऊँ इयं दुरुक्तं परि बाधमानां वर्णं पवित्रं पुनती मऽआऽगात्।**

प्राणापानाभ्यां बलमादधाना स्वसा देवी सुभगा मेखलेयम्।।

गायत्री मन्त्र अथवा प्रणव से बटुक शिखाबन्ध करे ।

भाण्डाष्टक दान :– श्मम द्विजत्वसिद्धिवेदाध्ययनाधिकारार्थं यज्ञोपवीत धारणाधिकारसिद्धिद्वारस श्रीसवितृ सूर्यनारायण प्रीतये च इमानिष्टौ भाण्डानि यज्ञोपवीत फलाक्षत दक्षिणासहितानि नाना नामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दातुमहमुत्सृज्ये।

उपरोक्त सङ्कल्प से आठ बर्तनों का दान करे।

निम्न मन्त्रों से यज्ञोपवीत का प्रक्षालन करे :–

ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवस्तानऽऊर्ज्जे दधातनः। महे रणाय चक्षसे।।१।।

यो व शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नष्। उशतीरिव मातर।।२।।

तस्माऽअरङ्गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नङ्ग।।३।।

यज्ञोपवीत की ग्रन्थिओं का पूजन करे :–

ॐ ब्रह्म यज्ञानं प्रथम पुरस्ताद्वि सीमत सुरुचो व्वेनऽआव्।

स बुध्न्याऽउपमाऽअस्य विष्ठा सतश्च योनिमसतश्च विवः।। – ब्रह्मणे नमः।।

ॐ इदं विष्णुर्व्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पा सुरे स्वाहा।। – विष्णवे नमः।।

ॐ नमस्ते रुद्द्र मन्यवऽउतो तऽइषवे नमष् बाहुभ्यामुत ते नमः।। – रुद्राय नमः।।

यज्ञोपवीत के नवतन्तुओं का पूजन :–

१. ॐ ओंकाराय नमः। २. ॐ अग्न्ये नमः। ३. ॐ नागेभ्यो नमः। ४. ॐ सोमाय नमः।

५. ॐ इन्दाय नमः। ६. ॐ प्रजापतये नमः। ७. ॐ वायवे नमः। ८. ॐ सूर्याय नमः।

६. ॐ विश्वेभ्ये देवेभ्यो नमः। – गन्धाक्षत सहित यथोपचार पूजन करे।

यज्ञोपवीत अभिमन्त्रण :– यज्ञोपवीत को बायें हाथ में रखकर दायें हाथ से ढ़ककर १० बार गायत्री मन्त्र से अभिमन्त्रित करके सूर्य के दर्शन निम्न मन्त्र से करावे :–

ॐ उपयाम गृहीतोऽसि सावित्रोऽसि च नो धाश्च नो धाऽअसि च नो मयि धेहि।

जिन्व यज्ञं जिन्वयज्ञपतिम्भगाय देवाय त्वा सवित्रे।।

यज्ञोपवीत धारण करने का विनियोग –

ऊँ यज्ञोपवीतमिति मन्त्रस्य परमेष्ठि ऋषिस्त्रिष्टुपछन्दो लिङ्गोक्ता देवता–

श्रौतस्मार्तकर्मानुष्ठान सिद्धये यज्ञोपवीतपरिधाने विनियोगः।

बटुक अपने दाहिने हाथ को ऊपर करे, पाँच ब्राह्मण अथवा घर के यज्ञोपवीत धारण कर चुके व्यक्ति बटुक को पीतयज्ञोपवती धारण करवाये।

यज्ञोपवीत धारण करने का मन्त्र –

ऊँ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात।

आयुष्यम् अग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ।।

यज्ञोपवीत धारण के पश्चात्दो बार आचमन करे।

मृगचर्म धारण :–

ऊँ मित्रस्य चक्षुर्द्धरुणं बलीयस्तेजस्तेजो यशस्वि स्थरि समिद्धम्।

अनाहनस्यं वसनं जरिष्णुः परीदं जरिष्णुः वाज्यजिनन्दधेऽहम्।।ग्च्य इति।

दण्ड़धारण का मन्त्र (बटुक के कान तक लम्बाई का वृक्ष का दण्ड़ धारण करना चाहिए) :–

ऊँ यो मे दण्डः परा पतद्वैहायसोऽसि भूम्याम्।

तमहं पुनराददऽआयुषे ब्रह्मणे ब्रह्मवर्चसाय।।

आचार्य स्व–अञ्जलि में जल भरकर बटुक पर मार्जन करे :–

१. ऊँ आपो हिष्ठा मयोभुवः।	२. ऊँ तानऽऊर्ज्जे दधातनः।	३. ऊँ महे रणाय चक्षसे।
४. ऊँ यो वष शिवतमो रसः	५. ऊँ तस्य भाजयतेह नष।	६. ऊँ उशतीरिव मातरष।
७. ऊँ तस्माऽअरङ्गमाम वः	८. ऊँ यस्य क्षयाय जिन्वथ।	९. ऊँ आपो जनयथा च नड्ड।।

बटुक सूर्य के दर्शन करे :–

ऊँ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत।

पश्येम शरदष शतं जीवेम शरदः शत शृणुयाम शरदष शतं प्रब्रवाम शरदः

शतमदीना स्याम शरदष शतम्भूयश्च शरदः शतात।।

आचार्य बटुक के दक्षिण हाथ की ओर से हृदय का आलम्भन करे :–

ऊँ मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तम् अनुचित्तं तेऽअस्तु।

मम वाचमेकमना जुषस्व प्रजापतिष्ट्वा नियनक्तु मह्यम्।

आचाय बटुके के दाहिने हाथ को साङ्गुष्ठ पकड़कर बोले :– को नामाऽसि

बटुक :– अमुकशर्माहं भो ३

आचार्य :– कस्य ब्रह्मचार्यसि।

बटुक :– भवतः

आचार्य बटुक को दिशाओं का नमन करवाये :–

ऊँ प्रजापतये त्वा परिददामि – पूर्व में नमस्कार करे।

ऊँ देवाय त्वा सवित्रे परि ददामि – दक्षिण में नमस्कार करे।

ऊँ अद्भयस्त्वौषधीभ्यः परि ददमि – पश्चिम में नमस्कार करे।

ऊँ द्यावा पृथिवीभ्यां त्वा परि ददामि – उत्तर में नमस्कार करे।

ऊँ विश्श्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः परि दधामि – अधः (भूमि को) में नमस्कार करे।

ऊँ सर्वेभ्यस्त्वा भूतेभ्यः परि ददाभ्यरिष्टयै – ऊर्ध्व (आकाश) में नमस्कार करे।

तत्पश्चात्वेदी पर कुशकण्डिका आदि कार्य करने के पश्चात्वेदी के दक्षिण ओर ब्रह्माजी का पूजन करते हुए हवन प्रारम्भ करे।

अग्रिपूजन :–

ऊँ चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽअस्य।

त्रिधा बद्धो व्वृषभो रोरवीति महो देवो मत्र्याँ २ आविशेष।। – पावकाग्न्ये नमः ।।

ऊँ प्रजापये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम इति।।१।। मनसा त्यागं कुर्यात्।

ऊँ इन्द्राय स्वाहा, इदमिन्द्राय न मम।।२।।

ॐ अग्नये स्वाहा, इदमग्नये न मम।।३।।

ॐ सोमाय स्वाहा, इदं सोमाय न मम।।४।।

ॐ भूः स्वाहा, इदमग्नये न मम।।५।।

ॐ भुवः स्वाहा, इदं वायवे न मम।।६।।

ॐ स्वः स्वाहा, इदं सूर्याय न मम।।७।। (एता महाव्याहृतयः)

ॐ त्वन्नोऽअग्ने व्वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडोऽअवयासिसीष्ठा् यजिष्ठो

व्वह्नितम् शोशुचानो विश्वा द्वेषासि प्र मुमुगध्यस्मत्स्वाहा।। इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम।।८।।

ॐ स त्वन्नोऽ अग्नेऽवमो भवीती नेदिष्ठोऽअस्याऽउषसो व्युष्टौ।

अव यक्ष्व नो व्वरुणरराणो व्वीहिमृडीक सुहवो नऽएधि स्वाहा।।

इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम।।९।।

ॐ अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वमयाऽ असि।

अया नो यज्ञं वहस्यया नो धेहि भेषज स्वाहा।। इदग्नये अयसे न मम।।१०।।

ॐ येते शतं वरुण ये सहस्रं य्यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः।

तेभिर्नोऽद्य सवितोत विष्णुर्व्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।।

इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भयः स्वर्केभ्यश्च न मम।।११।।

ॐ उदुत्तमं व्वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यम श्रथाय।

अथा वयमादित्य व्रते तवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा।।

इदं वरुणायादित्यायादितये न मम।।१२।।

ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये न मम।।१३।।

ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।।१४।।

संस्रवप्राशन व आचमन :–

सङ्कल्प :– ऊँ तत्सद्अद्य ब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थं इदं पूर्णपात्रं (दक्षिणां वा) यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे। आचार्य द्वारा ब्रह्मचारी को आदेशित नियम :–

आचार्य – ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् इति प्रथमं पादं ब्यात्।

ब्रह्मचारी – ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् इति पठेत्।

आचार्य – भर्गो देवस्य धीमहि इति द्वितीयं पादं श्रावयेत्।

ब्रह्मचारी – भर्गो देवस्य धीमहि इति पठेत्।

आचार्य – धियो यो नः प्रचोदयात् इति तृतीयं पादं श्रावयेत्।

ब्रह्मचारी – धियो यो नः प्रचोदयात् इति पठेत्।

द्वितीयवारम्– ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि इत्यर्धञ्च श्रावयेत्।

ब्रह्मचारी – ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि इति पठेत्।

आचार्य – धियो यो नः प्रचोदयात् इति द्वितीयमर्धञ्च श्रावयेत्।

ब्रह्मचारी – धियो यो नः प्रचोदयात् इति पठेत्।

ततस्तृतीयवारम्– ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि।

धियो यो नः प्रचोदयात् इत्याचार्योऽपि ब्रह्मचारिणा सह सर्वां गायत्रीं पठेत्।

गोमयपिण्ड़ (समिधा) दान – यज्ञोपवीत धारक गोयमक पिण्डों को निम्न मन्त्रों से घीसहित अग्नि में समर्पित करे–

ऊँ अग्ने सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु ।।१।।

ऊँ यथा त्वमग्ने सुश्रवः सुश्रवा असि ।।२।।

ऊँ एवं मा सुश्रवः सौश्रवसं कुरु ।।३।।

ऊँ यथा त्वग्ने देवानां यज्ञस्य निधिपाऽअसि ।।४।।

ऊँ एवमहं मनुष्याणां वेदस्य निधिपो भूयासम् ।।५।।

जल से अग्नि का पर्युक्षण करे।

पालाश समिधादान (निम्न मन्त्र को तीन बार उच्चारित करते हुए समिधा का दान करे) :–

ॐ अग्नये समिधमाहार्षं बृहते जातवेदसे।

यथा त्वमग्ने समिधा समिध्यसऽएवमहमायुषा मेधया व्वर्चसा प्रजया

पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन समिन्धे जीवपुत्रे ममाचार्यो मेधाव्यहमसान्यनिराकरिष्णुर्यशस्वी

तेजस्वी ब्रह्मवर्चस्यन्नादोभूयास स्वाहा।।

तत्पश्चात्बैठकर श्अग्ने सुश्रवःच इत्यादि पञ्चमन्त्रों से शुष्क घृताक्तगोमय को अग्नि में समर्पित करे।

तत्रमन्त्राः –

ॐ अग्ने सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु।।१।।

ॐ यथा त्वमग्ने सुश्रवः सुश्रवा असि।।२।।

ॐ एवं मा सुश्रवः सौश्रवसं कुरु।।३।।

ॐ यथा त्वमग्ने देवानां यज्ञस्य निधिपाऽअसि।।४।।

ॐ एवमहं मनुष्याणां वेदस्य निधिपो भूयासम्।।५।। इति।

तत्पश्चात्निम्न मन्त्रों से कुमार प्रदक्षिणा क्रम से अग्नि का पुर्यक्षण करके निम्न मन्त्रों से अपने हाथों के द्वारा अग्नि ताप को स्वशरीर पर धारण करे।

ॐ तनूपाऽअग्नेऽसि तन्वं मे पाहि।।१।।

ॐ आयुर्दाऽअग्नेऽस्यायुर्मे देहि।।२।।

ॐ व्वर्चोदाऽअग्नेऽसि व्वर्चो मे देहि।।३।।

ॐ अग्ने यन्मे तन्वाऽऊनं तन्मऽआपृण।।४।।

ॐ मेधाम्मे देवः सविता आदधातु।।५।।

ॐ मेधाम्मे देवी सरस्वती आदधातु।।६।।

मेधामश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ।।७।। इति।

तत्पश्चात्निम्न मन्त्रों से यज्ञोपवतीत धारक कुमार बायें हाथ में जल लेकर दायें हाथ से शरीर के अङ्गों को स्पर्श करे।

१. ऊँ अङ्गानि च मऽआप्यायन्ताम् – शिरः प्रभृतिपादान्तं सर्वाङ्गमालभ्य

ततो दक्षिणहस्ताग्रेण – २. ऊँ वाक्च म आप्यायताम्। – मुखं

३. ऊँ प्राणश्चमऽआप्यायन्ताम् – नासिकारन्ध्रे

४. ऊँ चक्षुश्च मऽआप्यायन्ताम्। – चक्षुषी

५. ऊँ श्रोत्रं च मऽआप्यायन्ताम्। – दक्षिणं–वामं श्रोत्रं स्पृशेत्।

६. ऊँ यशो बलं च मऽआप्यायन्ताम्। – इति बाहू परस्परं

अथ त्र्यायुषकरणम्–

१. ऊँ त्र्यायुषं जमदग्नेः – ललाटे। २. ऊँ कश्यपस्य त्र्यायुषं – ग्रीवायाम्।

३. ऊँ यद्देवेषु त्र्यायुषं – दक्षिण स्कन्धे। ४. ऊँ तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम्– हृदि।

ब्रह्मचारी सिर झुकाकर व हाथ जोड़कर वैश्वानरादि का निम्न विधि से अभिवादन करे –

अमुक गोत्रोऽमुकप्रवरान्वितः अमुकशर्माहं भो वैश्वानर! त्वामभिवादये।

अमुकगोत्रः अमुकप्रवरान्वितः अमुकशर्माऽहं भो वरुण! त्वामभिवादये।

अमुकगोत्रः अमुक प्रवरान्वितः अमुकशर्माऽहं भो सूर्य! त्वामभिवादये।

ब्रह्मचारी दायें हाथ से दाहिने पैर का अङ्गूठे का स्पर्श करके सिर झुकाकर गुरु/आचार्य का अभिवादन करे :–

अमुकगोत्रोऽमुकप्रवरान्वितः अमुकशर्माऽहं भो आचार्य!/भो गुरु! त्वामभिवादये।

अमुकगोत्रोऽमुकप्रवरान्वितः अमुकशर्माऽहं भो ब्राह्मणाः! त्वामभिवादये।

आयुष्मान्भव सौम्य।।

भिक्षाचार्य चरण –

ब्रह्मचारी सर्वप्रथम पालाशदण्ड़ तथा मृगचर्म काष्ठोपाहन धारण करके अपनी माता के पास भिक्षापात्र लेकर भिक्षा हेतु जाये।

ब्राह्मण ब्रह्मचारी – भवति भिक्षां देहि।

क्षत्रिय ब्रह्मचारी :– भिक्षां भवति देहि।

वैश्य ब्रह्मचारी :– भिक्षां देहि भवति

पुरुषों से भिक्षा माँगते समय यह बोले :– भवान्भिक्षां देहि

भिक्षा प्राप्त करने के बाद ब्रह्मचारी बोले – ऊँ स्वस्तीतिच

तत्पश्चात्आचार्य अथवा गुरु को भिक्षा समर्पित करे।

ब्रह्मचारी के पालनीय नियम :–

अधः शयीस्यात्। अक्षारलवणाशी स्यात्। समावर्तनपर्यन्तं दण्ड़धारणम्। अग्निपरिचरणम्। प्रत्यहं समिदाहरणम्। गुरुशुश्रुषा कर्तव्या। सायंप्रातर्भोजनार्थं भिक्षाचरणं कर्तव्यम्मधुमांसाशनं न कर्तव्यम्। मज्जनं न कर्त्तव्यम्। उद्धृतोदकेन स्नायात्। स्त्रीणां मध्ये अवस्थानं न कर्तव्यम्। स्त्रीगमनम्, अनृतवदनम्, अदत्तादानम्, ताम्बूलम्, अभ्यङ्गम्, अञ्जनम्, आदर्शम्, छत्रोपानहौ एतानि वर्जयेत्। परिधृवस्त्रं क्षालनं विना न दधीत। अस्तसमये भास्कराद्यवलोकनं न कुर्यात्। शुष्कवादं परिवादादि च वर्जयेत्। पर्युषितमन्नं भिस्सटान्नं च न भक्षयेत्। कांस्यायसंग मृत्पातत्रेषु भोजनं तेभ्यः पानं च न कुर्यात्। वृक्षारोहण विषमभूमि लङ्घनं नग्नस्त्री ि नरीक्षणं स्त्री सम्भोग व्यसन व्यावृत्तिःपा ब्रह्मचारिणो नियमाः। तद्दिने ब्रह्मचारी वाग्यतोऽग्रौ पूर्ववत्पर्युक्षण परिसमूहने कृत्वा वाचं विसृजेत्।

तत्पश्चात् ब्रह्मग्रन्थि का विसर्जन करते हुए बर्हिहोम तथा नानादानादि सहित ब्राह्मणदक्षिणा व भोजनादि का यथोचित सङ्कल्प करे।

शिखा रखने के लाभ को निम्न रूप से दृष्टिगत किया जा सकता है –

१. शिखा रखने के तथा उसके नियमो का यथावत् पालन करने से मनुष्य सद्बुद्धि, सदाचार आदि की प्राप्ति होती है।

२. शिखा रखने से आत्म शक्ति प्रबल होती है।

३. शिखा रखने से मनुष्य धार्मिक, सात्त्विक और संयमी बनता है।

४. श्खिा रखने से मनुष्य प्राणयाम, अष्टाङ्गयोगादि यौगिक क्रियाओ को ठीक–ठीक कर सकता है।

५. शिखा रखने से मनुष्य लौकिक तथा पारलौकिक समस्त कार्यों मे सफलता मिलती है।

६. शिखा रख्ने से मनुष्य देवता की रक्षा करते है।

७. शिखा रखने से मनुष्य की नेत्रज्योति सुरक्षित रहती है।

८. शिखा रखने से मनुष्य स्वस्थ, बलिष्ट, तेजस्वी और दीर्घायु होता है।

९. बलायुर्वयो वृद्धिश्च चूडाकर्मफलं स्मृतम् – बल, आयु एवं तेज की वृद्धि ही चूडाकर्म–संस्कार फल है। महर्षि वसिष्ठ का वचन है–श्चौलेनैवायुषो वृद्धिश।

१०. चूडाकरण से त्वचा सम्बन्धी रोगों का नाश होता है। शिखा रखकर शेष बालों को मुँडा देने से रक्तविकार, तापजन्य (गरमीजन्य) तापमान कम हो जाता है। बालकों के फोडे–फुंसी समाप्त हो जाते है।

११. मुण्डन के पश्चात् सिर में मलाई की मालिश करने से मस्तिष्क को शीतलता मिलती है। और बौद्धिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

१२. गोखुराकार अर्थात् गाय के खुर के सदृश प्रमाण की शिखा रखने से दशमद्वार की रक्षा होती है।

१३. शिखा धारण से सुषुम्णा नाडी की रक्षा होती है। सुषुम्णा के नीचे बुद्धि तत्त्व का केन्द्र है, इसकी रक्षा शिखाधारण से होती है।

वेदारम्भ :–

वेदारम्भ उपनयन संस्कार के पश्चात्किया जाता है जो अब प्रतीकात्मक ही रह गया है। वेद की विभिन्न शाखाओं की रक्षा के लिए वेदाभ्यास हेतु यह संस्कार प्रचलित था। कालान्तर में यह संस्कार केवलमात्र पुरोहितों के परिवारों में ही सीमित रह गया है, यही कारण है कि वेदों की अधिकांश शाखाओं का लोप हो चुका है।

इस संस्कार के पहले मेधाजनन नामक एक उपाङ्ग संस्कार होता है, इसे करने से बालक की मेधा, विद्या तथा श्रद्धा बढ़ती है। इस संस्कार में ब्रह्मचारी बटुक अनेक विद्याओं में पारङ्गत हो जाता है।

विद्यया लुप्यते पापं विद्ययाऽऽयुः प्रवर्धते।

विद्यया सर्वसिद्धः स्याद्विद्ययाऽमृतश्नुते।। – ज्योतिर्निबन्ध

अर्थात्वेद विद्या के अध्ययन से सभी पापों का लोप हो जाता है, आयु की वृद्धि होती है, सारी सिद्धियाँ प्राप्त होती है। यहाँ तक कि उसके समक्ष साक्षात्अमृत रस अशन–पान के :प में उपलब्ध हो जाता है।

वर्तमान पद्धतियों में चतुर्वेदों के मन्त्रों का संग्रह कर दिया जाता है, जिसे उपनयन के बाद सावित्री–सरस्वती–लक्ष्मी–गणेश आदि की अर्चना के बाद उपनीत बटुक से उसका औपचारिक उच्चारण मात्र करवा दिया जाता है। अतः वर्तमान में यह संस्कार उपयन के साथ ही कर दिया जाता है।

द्वितीय, तृतीय वर्षों में क्रमशः श्वैदिक महाव्रतत्र्य तथा श्उपनिषद्–व्रतत्र्य किया जाता था, जिसमें वेदों की ऋचाओं तथा उपनिषदों का श्रद्धापूर्वक पाठ किया जाता था और अन्त में सावित्री स्नान होता था। इसके पश्चात्ही वेदाध्यायी श्स्नातकत्र्य कहलाता है।

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन, अग्निस्थापन, पञ्चभूसंस्कार सहित ग्रहशान्त्यादि कर्म के पश्चात्प्रातः काल शुद्ध वस्त्र धारण करके मण्ड़प पर प्रवेश करके प्रायश्चित सङ्कल्प करे :–

अद्य अमुकगोत्रोऽमुकशर्माहं (वर्मागुप्तोऽहं वा) खब्राह्मण के लिए शर्मा, क्षत्रिय के लिए वर्मा, वैश्य के लिए गुप्ता, अस्य ब्रह्मचारिणः सद्ब्रह्मताप्राप्तये श्रीपरमेश्वर प्रीतये च स्व शाखापूर्वक वेदारम्भमहं करिष्ये।

अग्निपूजन :– हाथ में अक्षत लेकर अग्नि का ध्यान करें

ऊँ चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽअस्य।

त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मत्र्या ँ२ आविशेष।। – समुद्भवाग्न्ये नमः ।।

अथाज्यहोम –

१. ऊँ प्रजापये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।।

२. ऊँ इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय न मम।।

३. ऊँ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये न मम।।

४. ऊँ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम।

अथ ऋग्वेदाहुतयः –

१. ऊँ पृथिव्यै स्वाहा। इदं पृथिव्यै न मम।

२. ऊँ अग्रये स्वहा। इदमग्रये न मम।

३. ऊँ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ऊँ छन्दोभ्यः स्वाहा। इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ यजुर्वेदाहुतयः –

१. ऊँ अन्तरिक्षाय स्वाहा। इदमन्तरिक्षाय न मम।

२. ऊँ वायवे स्वाहा। इदं वायवे न मम।

३. ऊँ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ऊँ छन्दोभ्यः स्वाहा। इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ सामवेदाहुतयः –

१. ऊँ दिवे स्वाहा। इदं दिवे न मम्।

२. ऊँ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम्।

३. ऊँ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ऊँ छन्दोभ्यः स्वाहाच्च इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथर्ववेदाहुतयः –

१. ऊँ दिग्भ्यः स्वाहा। इदं दिग्भ्यो न मम।

२. ऊँ चन्द्रमसे स्वाहा। इदं चन्द्रमसे न मम।

३. ऊँ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ऊँ छन्दोभ्यः स्वाहाच्च इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ सामान्याहुतयः –

१. ऊँ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।

२. ऊँ देवेभ्यः स्वाहा। इदं देवेभ्यो न मम।

३. ऊँ ऋषिभ्यः स्वाहा। इदमृषिभ्यो न मम।

४. ऊँ श्रद्धायै स्वाहा। इदं श्रद्धायै न मम।

५. ऊँ मेधायै स्वाहा। इदं मेधायै न मम।

६. ऊँ सदसस्पतये स्वाहा। इदं सदसस्पतये न मम।

७. ऊँ अनुमतये स्वाहा। इदमनुमतये न मम।

ततो ब्रह्मणाऽन्वारब्धः –

१. ऊँ भूः स्वाहा। इदमग्नये न मम।

२. ऊँ भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।

३. ऊँ स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।

४. ऊँ त्वन्नोऽ अग्ने व्वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडोऽअव यासिसीष्ठा्।

यजिष्ठो व्वह्नितम् शोशुचानो विश्वा द्वेषा सि प्र मुमुगध्यस्मत्स्वाहा।। इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम।

५. ऊँ स त्वन्नोऽ अग्नेऽवमो भवोति नेदिष्ठोऽअस्याऽउषसो व्युष्टौ।

अव यक्ष्व नो व्वरुण रराणो व्वीहि मृडीक सुहवो न एधि स्वाहा।। इदमग्नी वरुणाभ्यां न मम।

६. ऊँ अयाश्चाग्रेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वमयाऽअसि।

अया नो यज्ञं वहास्यया नो धेहि भेषज स्वाहा। इदमग्नये अयसे न मम।

७. ऊँ ये ते शतं व्वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा व्वितता महान्तः।

तेभिर्नोऽअद्य सवितो विष्णुर्विव्वश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।।

इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम।

८. ऊँ उदुत्तमं व्वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यम श्रथाय।

अथा वयमादित्य व्रते तवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा।। इदं वरुणायादित्यायादितये न मम।

९. ऊँ प्रजापतये स्वाहाच इदं प्रजापतये न मम।

१०. ऊँ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहाच इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

संस्रवप्राशन व आचमन :–

सङ्कल्प :– ऊँ तत्सद्अद्य ब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थं इदं पूर्णपात्रं (दक्षिणां वा) यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

2 उपर्यूक्त संकल्प के द्वारा शास्त्रानुसार किसी मिट्टी के पूर्ण पात्र (चावल, फल, दक्षिणा आदि से पूरित अथवा लोकाचार के अनुसार अन्नादि से पूरित पात्र संकल्प पूर्वक, ब्रहम्कर्म के लिए ब्राह्मण को समर्पित करें।

इसके बाद बर्हिहोम एवं अन्य भूयसी दक्षिणा इत्यादि ब्राह्मण दक्षिणा आदि का दान करने हेतु प्रयोजन के अनुसार संकल्प कर दान करें।

अथ वेदाध्ययनम्–

लोकाचार के अनुसार ब्रह्मचारी वेदाध्ययन के लिए वाराणसी (काशी) गमन करे। सौभाग्यती स्त्री (बहन/बुआ/जीजा/फूफा) ब्रह्मचारी को पुनः घर की देहली के पास तक ले जाकर ब्रह्मचारी नियमों का पालन कराते हुए पुनः पूजन–स्थल पर ले आये।

ब्रह्मचारी अपने गुरुजी का पूजन करते हुए यथोचित दक्षिणा प्रदान करे तत्पश्चात्ॐकार सहित वेदसरस्वत्यै नमः ।च से अपनी–अपनी शाखा के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद व अथर्ववेद का पूजन करे। गणपति/गायत्री/स्ववेदादि मन्त्रों का उच्चारण सस्वर ब्रह्मचारी को कराये।

– गणपतिमन्त्रः –

ॐ गणानान्त्वा गणपति हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपति हवामहे निधीनान्त्वा

निधिपति हवामहे व्वसोमम । आहम् जानिगर्ब्भधमा त्त्वमजासिगर्ब्भधम्ध

– गायत्रीमन्त्रः –

हरिष ॐ भूर्भुव् स्वष तत्सवितुर्व्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नष प्रचोदयात्।।

– ऋग्वेद मन्त्रः –

ॐ अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्।।

– यजुर्वेदमन्त्रः –

ॐ इषे त्त्वोर्ज्जे त्वा व्वायवस्थ देवो वष सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठत माय कर्मणऽआ प्यायध्वमध्न्याऽइन्द्राय

भागम्प्रजावतीरनमीवाऽ अयक्ष्ममावस्तेनऽईशत माघ श सो ध्रुवाऽ अस्मिन्गोपतौ स्यात्बह्वीर्यज मानस्य

पशून्पाहि।।

– सामवेद मन्त्रः –

ॐ अग्नऽआयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।।

– अथर्ववेद मन्त्रः –

ॐ शन्नो देवीरभिष्ट्यऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोरभिस्रवन्तु नः।।

ततो गुरुः शिक्षयेत्–

आचार्येणाऽऽहूतं उत्थाय। प्रतिवचनं दद्यात्। शयनं चेदाह्वयति तदा आसीनः (उपविष्टः) सन्प्रतिवचनं दद्यात्। आसीनं चेदाह्वयति तदा उत्थितः सन्प्रतिवचनं दद्यात्। उत्थितमाह्वयति तदा गुरुमभिमुखं गच्छन्प्रतिवचनं दद्यात्। अभिमुखमागच्छन्तमाह्वयति तदा गुरुमभिमुखं धावन्सन्प्रतिवचनं दद्यात्। स एवं वर्तमानोऽमुत्राद्यवसतयमुत्राद्य वसतीति तस्य स्नातकस्य कीर्तिर्भवति।

भिक्षाचार्य चरण –

ब्रह्मचारी पलाशदण्ड़ तथा मृगचर्म काष्ठोपाहन धारण करके अपनी माता के पास भिक्षापात्र लेकर भिक्षा हेतु जाये।

ब्राह्मण ब्रह्मचारी – भवति भिक्षां देहि। – आप भिक्षा दें।

क्षत्रिय ब्रह्मचारी – भिक्षां भवति देहि। – कल्याण हो, शुभ हो।

वैश्य ब्रह्मचारी – भिक्षां देहि भवति

पुरुषों से भिक्षा माँगते समय यह बोले – भवान्भिक्षां देहि

भिक्षा प्राप्त करने के बाद ब्रह्मचारी बोले – ॐ स्वस्तीतिय

तत्पश्चात्आचार्य अथवा गुरु को भिक्षा समर्पित करे।

अथ त्र्यायुषकरणम्–

१. ॐ त्र्यायुषं यमदग्नेरिति – ललाटे।

२. ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषम्– ग्रीवायाम्।

३. ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषम्– दक्षिण बाहूमूले।

४. ॐ तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्– हृदि।

इति चतुर्भिर्मन्त्रैर्ललाटादिषु त्र्यायुषं कुर्यात्।

ततो देशकालौ स्मृत्वा – श्कृतस्य वेदारम्भ कर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थम्आचार्याय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददेये इति दद्यात्। ऐसा कहकर आचार्य को वेदोरम्भ संस्कार की दक्षिणा समर्पित करें।

तत्पश्चात्ब्रह्मग्रन्थि का विसर्जन करते हुए बर्हिहोम तथा नानादानादि सहित ब्राह्मणदक्षिणा व भोजनादि का यथोचित सङ्कल्प करे।

समावर्तन संस्कार :–

समावर्तन का अर्थ है विद्याध्ययन प्राप्तकर ब्रह्मचारी युवक का गुरुकुल से घर की ओर प्रत्यावर्तन।

तत्र समावर्त्तनं नाम वेदाध्यनानन्तरं गुरुकुलात्स्वगृहागमनम्वीर मित्रोदय।।

विष्णुस्मृति के अनुसार कुब्ज, वामन, जन्मान्ध, बधिर, पङ्गु तथा रोगियों को यावज्जीवन ब्रह्मचर्य में रहने की व्यवस्था है :–

कुब्जवामनजात्यन्धक्लीब पङ्वार्त रोगिणाम्।

व्रतचर्या भवेत्तेषां यावज्जीवमनंशतः।।

समावर्तन संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश की अनुमति देता है। उपनयन संस्कार से प्रारम्भ होने वाली शिक्षा की पूर्णता के बाद ब्रह्मचर्य का कठोर जीवन व्यतीत करने वाले संस्कारित युवक को इस संस्कार के माध्यम से गार्हस्थ जीवन जीने की शिक्षा दी जाती थी। ऐसे संस्कारित युवक की श्स्नातक्य संज्ञा होती है। स्नातक के तीन प्रकार है – १. विद्या स्नातक, २. व्रत स्नातक, ३. विद्याव्रत स्नातक। इनमें तीसरे प्रकार के स्नातक को ही गृहस्थ जीवन में प्रवेश का अधिकार मिलता था क्योंकि ऐसा ही ब्रह्मचारी विद्या की पूर्णता के साथ ब्रह्मचर्य व्रत की भी पूर्णता प्राप्त कर लेता था। वर्तमान काल में भले १०–१२ वर्ष के बालक का उपनयन संस्कार किया जाता हो, किन्तु उसे तत्काल समावर्त्तन का अधिकारी बना दिया जाता है।

वर्तमान में शिक्षण संस्थाओं में दीक्षान्त समारोह किया जाता है, वह समावर्त्तन संस्कार का अनुकरण ही है। इसके बाद शिष्य को गृहस्थाश्रम में जाने की अनुमति मिल जाती है। शिष्य आचार्य के निम्न उपदेशों का जीवनभर अनुसरण करता है :– १. सत्यं वद। २. धर्मं चर। ३. स्वाध्यायान्माप्रमदः।

आश्रमहीन रहना दोषपूर्ण है, अतः समावर्त्तन के बाद गृहस्थ बनना अपरिहार्य है, अन्यथा प्रायश्चित्त करना होता है। यथा –

अनाश्रमी न तिष्ठेच्च क्षणमेकमपि द्विजः।

आश्रमेण विना तिष्ठन्प्रायश्चित्तीयते हि सः।। – दक्षस्मृति

शुभ मुहूर्त्त में गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन के पश्चात्आठ मन्त्रपूरित कलशों का अभिषेक किया जाता है तत्पश्चात्स्नातक दही–तिल का भक्षण करके और क्षौरकर्म करके गूलर की दातून से मुख की शुद्धि करके उबटन लगाकर ऊष्णजल से स्नानकर नाक, कान और नेत्रों में चन्दन लगाता है। इसके बाद शुद्ध वस्त्र, पुष्पमाला आदि धारण करता है। वर्तमान काल में यह संस्कार भी उपनयन संस्कार के साथ ही सम्पन्न कर दिया जा रहा है।

पूजन विधि :–

गणेश–मातृका–नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, नवग्रहादि पूजन, अग्निस्थापन, पञ्चभूसंस्कार सहित ग्रहशान्त्यादि कर्म के पश्चात्प्रातः काल शुद्ध वस्त्र धारण करके मण्ड़प पर प्रवेश करके प्रायश्चित सङ्कल्प करे :–

अस्य ब्रह्मचारिणः गृहस्थाद्याश्रमान्तरप्राप्तसिद्धिद्वारा श्रीपरमेश्वर प्रीत्यर्थं समावर्तनाख्यं कर्म करिष्ये।ध्

अग्निपूजन :–

ॐ चत्वारि शृङ्गा त्रयोऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽअस्य।

त्रिधा बद्धो व्वृषभो रोरवीति महो देवो मत्र्या ँ२ आविशेष।। – वैश्वानराग्न्ये नमः ।।

तद्यथा देशकालौ सङ्कीत्र्य – श्मम स्नानाधिकारसिद्धये गोप्रत्याम्नायनिष्क्रयीभूतं सुवर्णं रजतं वा आचार्य तुभ्यमहं सम्प्रददे।ध् इति गुरवे वर दत्वा –

श्भो गुरो अहं स्नास्यामिध् इति ब्रह्मचारी सम्प्रार्थ्य श्स्नाहिध् इत्याचार्येणानुज्ञातः समावर्तनं कुर्यात्।

अथाज्यहोमः –

१. ॐ प्रजापये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।

२. ॐ इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय न मम।

३. ॐ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये न मम।

४. ॐ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम।

अथ ऋग्वेदाहुतयः –

१. ॐ पृथिव्यै स्वाहा। इदं पृथिव्यै न मम।

२. ॐ अग्नये स्वहा। इदमग्नये न मम।

३. ॐ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ॐ छन्दोभ्यः स्वाहा। इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ यजुर्वेदाहुतयः –

१. ॐ अन्तरिक्षाय स्वाहा। इदमन्तरिक्षाय न मम।

२. ॐ वायवे स्वाहा। इदं वायवे न मम।

३. ॐ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ॐ छन्दोभ्यः स्वाहा। इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ सामवेदाहुतयः –

१. ॐ दिवे स्वाहा। इदं दिवे न मम्।

२. ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम्।

३. ॐ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ॐ छन्दोभ्यः स्वाहाध् इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथर्ववेदाहुतयः –

१. ॐ दिग्भ्यः स्वाहा। इदं दिग्भ्यो न मम।

२. ॐ चन्द्रमसे स्वाहा। इदं चन्द्रमसे न मम।

३. ॐ ब्रह्मणे स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम।

४. ॐ छन्दोभ्यः स्वाहाध् इदं छन्दोभ्यो न मम।

अथ सामान्याहुतयः –

१. ऊँ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम। २. ऊँ देवेभ्यः स्वाहा। इदं देवेभ्यो न मम।

३. ऊँ ऋषिभ्यः स्वाहा। इदमृषिभ्यो न मम। ४. ऊँ श्रद्धायै स्वाहा। इदं श्रद्धायै न मम।

५. ऊँ मेधायै स्वाहा। इदं मेधायै न मम। ६. ऊँ सदसस्पतये स्वाहा। इदं सदसस्पतये न मम।

७. ऊँ अनुमतये स्वाहा। इदमनुमतये न मम।

ततो ब्रह्मणाऽन्वारब्धः –

१. ऊँ भूः स्वाहा। इदमग्नये न मम।

२. ऊँ भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।

३. ऊँ स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।

४. ऊँ त्वन्नोऽ अग्ने व्वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडोऽअव यासिसीष्ठा्।

यजिष्ठो व्वह्नितम् शोशुचानो विश्वा द्वेषा सि प्र मुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा।। इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम।

५. ऊँ स त्वन्नोऽ अग्नेऽवमो भवोति नेदिष्ठोऽअस्याऽउषसो व्युष्टौ।

अव यक्ष्व नो व्वरुण रराणो व्वीहि मृडीक सुहवो न एधि स्वाहा।। इदमग्नी वरुणाभ्यां न मम।

६. ऊँ अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वमयाऽअसि।

अया नो यज्ञं वहास्यया नो धेहि भेषज स्वाहा। इदमग्नये अयसे न मम।

७. ऊँ ये ते शतं व्वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः।

तेभिर्नोऽअद्य सवितो विष्णुर्विव्वश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।।

इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम।

८. ऊँ उदुत्तमं व्वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यम श्रथाय।

अथा वयमादित्य व्व्रते तवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा।। इदं वरुणायादित्यायादितये न मम।

९. ऊँ प्रजापतये स्वाहाय इदं प्रजापतये न मम।

१०. ऊँ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहाय इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

संस्रवप्राशन व आचमन :–

सङ्कल्प :– ऊँ तत्सद्अद्य ब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थं इदं पूर्णपात्रं (दक्षिणां वा) यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

तत्पश्चात् ब्रह्मग्रन्थि का विसर्जन करते हुए बर्हिहोम करे। ब्रह्मचारी शुष्क गोमय के खण्ड़ों को घी में डुबोकर अग्नि में आहुति देवे।

१. ऊँ अग्रे सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु।।१।।

२. ऊँ यथा त्वमग्रे सुश्रवः सुश्रवाऽसि।।२।।

३. ऊँ एवं मा सुश्रवः सौश्रवसं कुरु।।३।।

४. ऊँ यथा त्वमग्ने देवानां यज्ञस्य निधिपाऽसि।।४।।

५. ऊँ एवमहं मनुष्याणां वेदस्य निधिपो भूयासम्।।५।।

जल से अग्नि का पर्युक्षण करे।

तत्पश्चात्निम्न मन्त्रों से कुमार प्रदक्षिणा क्रम से अग्नि का पुर्यक्षण करके निम्न मन्त्रों से अपने हाथों के द्वारा अग्निताप को स्वशरीर पर धारण करे।

ऊँ तनूपाऽअग्नेऽसि तन्वं मे पाहि।।१।।

ऊँ आयुर्दाऽअग्नेऽस्यायुर्मे देहि।।२।।

ऊँ व्वर्चोदाऽअग्नेऽसि व्वर्चो मे देहि।।३।।

ऊँ अग्ने यन्मे तन्वाऽऊनं तन्मऽआपृण।।४।।

ऊँ मेधाम्मे देवः सविता आदधातु।।५।।

ऊँ मेधाम्मे देवी सरस्वती आदधातु।।६।।

मेधामश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ।।७।। इति।

तत्पश्चात् निम्र मन्त्रों से यज्ञोपवतीत धारक कुमार बायें हाथ में जल लेकर दायें हाथ से शरीर के अङ्गों को स्पर्श करे।

